**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

# प्रेस-नोट

**दिनांक- 26.06.2025**

**विषयः- रामनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की 03 अदद मोबाइल, 02 अदद घड़ी, 50 रूपया नगद व घटना में संलिप्त स्कूटी के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के क्रम में व श्रीमान् प्रभारी निरीक्षक महोदय के निर्देशन में दिनांक 26/06/2025 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत संदिग्ध व्यक्ति / वाहन व वांछित वारंटी की तलाश में उजाला बैरियर के पास थे कि मुखबिर खास ने आकर बताया कि कल रात रोम बिल्डिंग के पास चोरी हुई थी वह चोर बघेली टोला पिपरी घाट स्थित भोले नाथ मंदिर के पास बैठा है जो कही जाने की फिराक में है मुखबिर खास की बात पर विश्वास कर पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर बताये गये स्थान पर पहुंचे तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागना चाहा लेकिन पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम सूरज कुमार पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी उम्र 19 वर्ष बताया जिसके पास मु0अ0सं0-0137/2025 धारा 305ए बी0एन0एस0 से सम्बन्धित चोरी के सामान बरामद होने पर कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 25/06/2025 को वादी मुकदमा ने लिखित तहरीर दिया कि दिनांक 24/25 की रात में मेरा मोबाइल, पर्स व घड़ी चोरी हो गया है। वादी मुकदमा के लिखित तहरीर के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0-0137/2025 धारा 305ए बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ विवरण :-**

हिरासत में लिये गये अभियुक्त सूरज कुमार से कड़ाई से पूछताछ के क्रम में बताया कि 24/25 की रात्रि में मैं रोमा बिल्डिंग के पास के एक मकान से यह सामान जो मेरे पास से मिला है वह मैने वही से चोरी किया था। आज यह सभी सामान मैं बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-**

सूरज कुमार पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण :-**

03 अदद मोबाइल फोन, 02 अदद घड़ी, 50 रूपये नगद व घटना में संलिप्त स्कूटी अन्तर्गत धारा 207 MV एक्ट में सीज।

**गिरफ्तारी / बरामदगी का दिनांक व स्थान :-**

दिनांक 26/06/2025 गिरफ्तारी का स्थान उजाला बैरियर थाना रामनगर।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. प्र0नि0 श्री दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

2. उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री अमित शर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 शैलेन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**